हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live

वर्ष : 01 अंक–165 : जौनपुर, बुधवार 01 मार्च 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## आप संघर्ष कर आगे बढ़े फिर भी अन्याय हुआ हमारे साथ होते तो तस्वीर कुछ और होती –मुख्यमंत्री योगी

लखनऊ ब्यूरो : यूपी विधानसभा में बोलते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी पर जमकर निशाना साधा। योगी ने जहां नेता अखिलेश यादव पर कटाक्ष किए तो वहीं शिवपाल यादव पर उनका रुख नरम दिखा। शिवपाल यादव को लेकर सीएम योगी ने कहा कि आप जमीन से संघर्ष कर आगे बढ़े हैं और आपको संघर्ष की कीमत का पता है। आपके साथ हमेशा अन्याय हुआ है। अगर आप हमारे साथ होते तो आज तस्वीर कुछ और होती। हम संघर्ष का सम्मान करते हैं। सीएम योगी विधानसभा में सिंचाई परियोजनाओं का जिक्र करते हुए अपनी सरकार की उपलब्धियां गिना रहे थे, उन्होंने कहा कि अधूरी पड़ी सिंचाई परियोजनाओं को हमने पूरा किया। इस बीच शिवपाल ने उन्हें टोकते हुए कहा कि अगर छह महीने पहले विभाग से हमें नहीं हटाया जाता तो योजना हम पूरा कर लेते। हमने 90 फिसदी काम पूरा कर लिया था। इस पर सीएम योगी ने कहा कि जनता को पता था कि आप पूरा नहीं करेंगे तो इसलिए ही जनता ने हमें चुना। आप तो काम करना चाहते थे लकिन आपको काम करने नहीं दिया गया। योगी ने कहा कि यही तो आपके साथ अन्याय हुआ है, अगर आप हमारे साथ होते तो आज तस्वीर ही कुछ और होती। इस पर शिवपाल ने कहा कि हम तीन साल तक आपके संपर्क में रहे हैं। जिस पर योगी ने कहा कि हम अब भी संपर्क में हैं। अब किसी को कंफ्यूजन नहीं होना चाहिए। जिसके बाद सदन में ठहाके लगने लगे। सत्ता पक्ष का दावा, इससे बेहतर बजट आज तक नहीं बना मंगलवार को विधान परिषद में बजट सत्र पर चर्चा के दौरान विपक्ष ने छात्रों, नौजवानों एवं किसानों की अनदेखी का आरोप लगाया। जबकि सत्ता पक्ष ने कहा कि इससे बेहतर बजट अब तक नहीं बना है।




चर्चा के दौरान दोनों पक्षों के बीच लगातार नोंकझोंक हुई। सपा एमएलसी आशुतोष सिन्हा ने बजट की चर्चा करते हुए कहा कि अनुसूचित जाति के हॉस्टलों की दशा खराब हैं। इन हॉस्टलों के गिरने से कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। भाजपा एमएलसी डॉ. हरी सिंह ढिल्लो ने कहा कि बजट में हर वर्ग का ख्याल रखा गया है। सपा एमएलसी स्वामी प्रसाद मौर्य ने कानून व्यवस्था का जिक्र करते हुए कहा कि उन पर जानलेवा हमला करने वाले और हत्या की धमकी देने वालों पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। बीएचयू सहित अन्य विश्वविद्यालयों में जानबूझकर छात्रों को फेल किया जा रहा है। एलआईसी सहित अन्य संस्थाओं का निजीकरण हो रहा है। इस पर विद्यासागर सोनकर ने कहा कि बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। विपक्ष को नहीं दिखाई पड़ रहा है। भाजपा के अरुण पाठक ने कहा कि सरकार ने शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य किया है।

## पंचायत उपचुनाव के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना

जौनपुर क्राईम ब्यूरो धनंजय विश्वकर्मा : विकास खंड सोंधी में होने वाले पंचायत उप चुनाव के लिये बुधवार को ब्लाक से पोलिंग पार्टियां मतदान केन्द्र पर रवाना हुई। सोंधी ब्लाक के ग्राम कड़ैला में प्रधान पद के लिए उपचुनाव होगा। पूर्व प्रधान कमलेश बिंद का निधन हो जाने से गांव प्रधान विहीन हो गया था। प्रधान पद के उपचुनाव में तीन प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। जिसमें मृतक प्रधान कमलेश बिंद की पत्नी अनीता, लल्लन बिंद पुत्र छट्टू और मनीता पत्नी राजेन्द्र प्रत्याशी हैं। एआरओ हिमांशु सिंह ने बताया कि कड़ैला गांव




के प्राथमिक विद्यालय पर मतदान केंद्र पर दो बूथ बनाए गए हैं। इस गांव में मतदाताओं की कुल संख्या 1309 है। दो मार्च को सुबह सात बजे से सायं पांच बजे तक मतदान होगा।

### तेज रफ्तार कार को डम्फर ने मारी टक्कर : हादसे में अधिवक्ता सहित तीन की मौत

बहराइच ब्यूरो : गोंडा जिले में एक कार्यक्रम में शामिल होकर मंगलवार देर रात लौट रहे कार सवार लोगो को डम्फर ने टक्कर मार दी। हादसे में एक अधिवक्ता समेत तीन लोगों की मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। गोंडा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। बहराइच करनैलगंज मार्ग पर जिला गोंडा के थाना कटरा के निद्दूरा जोगिन पुरवा के पास हुए हादसे में कार में सवार ग्राम सभा आदिल पुर थाना हुजूरपुर बहराइच के राघवेंद्र सिंह उर्फ बघेली (43) एडवोकेट व आशीष जायसवाल उर्फ लल्लन (40) निवासी भगड़वा बाजार थाना हुजूरपुर बहराइच व देवेंद्र सिंह (35) निवासी भगड़वा की कार अनियंत्रित होकर एक वाहन में जा घुसी। बताया जा रहा है कि कार में पीछे से किसी डम्फर ने टक्कर मारी थी जिससे मौके पर ही तीन लोगों की मौत हो गई। हादसे के बाद घर में कोहराम मचा है। क्षेत्र में मातम की स्थिति पैदा हो गई है जबकि कार सवार देवी भगत सिंह (38) निवासी बाघा जोत गढ़वा थाना हुजूरपुर जनपद बहराइच, रमाकांत विश्वकर्मा (45) वर्ष निवासी भगड़वा बाजार थाना हुजूरपुर जनपद बहराइच गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनको आनन–फानन में मेडिकल कॉलेज बहराइच में भर्ती किया गया। शेष तीनों मृतकों के शवों को थाना कटरा पुलिस ने कब्जे में लेकर गोंडा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## डॉक्टर अब्दुल कलाम टेक्निकल लिटरेरी एंड मैनेजमेंट फेस्ट 2023 स्टेट लेवल कार्यक्रम का हुआ उद्घाटन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। डॉक्टर अब्दुल कलाम टेक्निकल लिटरेरी एंड मैनेजमेंट फेस्ट 2023 स्टेट लेवल कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय सिर्फ ज्ञान के स्थानांतरण का केंद्र नहीं है बल्कि छात्रों को कुछ नया सीखने और सृजनात्मक क्षमता का विकास करने का माध्यम भी है। ऐसे में यह फेस्ट निश्चित ही छात्रों के बीच




प्रतिस्पर्धा का विकास करेगा।

## प्रतियोगिताओं के आयोजन से बच्चों में वैज्ञानिक खोज करने की प्रेरणा मिलती है –जिला विकास अधिकारी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर के प्राचीनतम विद्यालय जनक कुमारी इण्टर कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कार्यक्रम भव्य समारोह के साथ आयोजित किया गया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विकास अधिकारी बी बी सिंह एवं विशिष्ट अतिथि आर डी यादव जिला अर्थ एवं संख्या अधि कारी रहे ।कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य श्रीमती मंजू लता वर्मा ने किया। इस अवसर पर जनपद जौनपुर के माध्यमिक और इंजीनियरिंग कॉलेज के लगभग बीस विद्यालय के छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया । विज्ञान माडल प्रदर्शनी में कक्षा 9 और 11 की 100 छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया। तथा विज्ञान इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक के 10 छात्रों ने प्रतिभाग किया। माध्यमिक स्तर की प्रतियोगिता में जनक कुमारी इंटर कॉलेज की रिया यादव प्रथम स्थान सेंट पैट्रिक की दिव्यांशी द्वितीय स्थान माउंट लिट्रा जी स्कूल के चंचल यादव तृतीय स्थान प्राप्त किया।' 100 मॉडलों में से प्रथम 15 मॉडल मण्डल स्तर की प्रतियोगिता के लिए विद्वान निर्णायक मंडल के द्वारा चयनित किया गया। इंजीनियरिंग के मॉडल में विजय प्रताप प्रौद्योगिकी शिक्षण संस्थान के आकाश मौर्य ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि द्वारा प्रमाण पत्र स्मृति चिन्ह एवं मेडल प्रदान किए गए कार्यक्रम में माध्यमिक शिक्षक संघ( सेवारत )के प्रदेश अध्यक्ष रमेश सिंह गुलाबी देवी बालिका इंटर कॉलेज के संस्थापक प्रधानाचार्य डॉ उदय राज सिंह एवं अनेक विद्यालय के शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। निर्णायक मंडल में डॉ संजीव गंगवार विभागाध्यक्ष कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय , डॉ अशोक कुमार यादव असिस्टेंट प्रोफेसर आईटी विभाग वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय ,डॉक्टर सत्यम कुमार उपाध्याय असिस्टेंट प्रोफेसर इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग श्री यतिन सिंह प्रवक्ता जनक कुमारी इंटर कॉलेज रहे। विद्वान निर्णायक मंडल ने सभी छात्र–छात्राओं के मॉडलों का बड़ी गहनता से निरीक्षण कर मॉडल से संबंधित उनसे अनेक प्रश्न किए तथा उनमें सुधार के लिए भी छात्र छात्राओं को प्रेरित किया ।मुख्य अतिथिअपने





संबोधन में कहा कि इस तरीके की प्रतियोगिताओं के आयोजन से बच्चों में वैज्ञानिक खोज करने की प्रेरणा मिलती है और आज राष्ट्रीय विज्ञान दिवस सर सी वी रमन की खोज के उपलक्ष में जो दिया जाता है उससे भी छात्रों को प्रेरणा लेनी चाहिए विशिष्ट अतिथि आर डी यादव जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी ने बच्चों से कहा इस तरीके के आयोजन से उनके व्यक्तित्व का और उनकी प्रतिभा का निखार होता है ।सभी अतिथियों का स्वागत विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ जंग बहादुर सिंह ने माल्यार्पण ,बुके व स्मृति चिन्ह से किया । इस अवसर पर जनक कुमारीइंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला विज्ञान क्लब के समन्वयक विपनेश कुमार श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर श्री विजेंद्र प्रसाद ,जवाहर सरोज ,वीर सिंह संजय सिंह, रिया सिंह ,नेहा सिंह ,वर्षा गुप्ता ,तेज बहादुर प्रजापति ,मोहम्मद जकारिया ,शिखा सिंह ,रंजना उपाध्याय ,नेहा श्रीवास्तव संयुक्त लता श्रीवास्तव, सुहासिनी मिश्रा ,आदि अनेक अन्य विद्यालयों के अध्यापक और अध्यापिका उपस्थित रहे।

## अवैध तमंचे के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : महराजगंज थाना अंतर्गत पुलिस द्वारा एक अभियुक्त को एक तमंचा .315 बोर मय कारतूस एक चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया है डा0 अजय पाल शर्मा, पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियों के आपराधिक कार्य की रोकथाम, गिरफ्तारी, बरामदगी तथा अनावरण हेतु शेष अभियोगो के अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण तथा क्षेत्राधिकारी बदलापुर के कुशल पर्यवेक्षण, निर्देशन में थानाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय थाना महराजगंज जनपद जौनपुर के नेतृत्व में उ0नि0 श्री हरीशचन्द्र सिंह मय हमराह के थाना क्षेत्र के नई दिल्ली बाजार (ग्राम पुरागम्भीरशाह) से अभियुक्त विशाल विन्द पुत्र शिवराज विन्द निवासी सुल्तानपुर दरवेश अली थाना लाइन बाजार जनपद जौनपुर उम्र 22 वर्ष को एक तमंचा .315 बोर व एक जिन्दा कारतूस .315 बोर व एक चोरी की मोटरसाइकिल नं0 न्च 62 ।त 1169 के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 25/2023 धारा 41/411/414 भा0द0वि0 व 3/25 शस्त्र अधिनियम थाना महराजगंज जनपद जौनपुर पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त –: 1.विशाल विन्द पुत्र शिवराज विन्द निवासी सुल्तानपुर दरवेश अली थाना लाइन बाजार जनपद जौनपुर उम्र 22 वर्ष । बरामदगी –: 1.एक तमंचा .315 बोर व एक जिन्दा कारतूस .315 बोर 2.एक मोटरसाइकिल नं0 UP 62 AR 1169 आपराधिक इतिहास–:1.मु0अ0सं0 25/2023 अन्तर्गत धारा 41/411/414 भा0द0वि0 व 3/25 शस्त्र अधिनियम थाना महराजगंज जनपद जौनपुर 2.मु0अ0सं0 62/2022 धारा 379/411 भा0द0वि0 थाना



लाइन बाजार जनपद जौनपुर ।गिरफ्तारी टीम –: 1.उ0नि0 शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय – थानाध्यक्ष थाना महराजगंज जनपद जौनपुर ।2.उ0नि0 हरीशचन्द्र सिंह – चौकी एबीएस नगर थाना महराजगंज जनपद जौनपुर । 3.उ0नि0 श्री जंगबहादुर यादव – थाना महराजगंज जनपद जौनपुर ।4.का0 हरेन्द्र कुमार दृ थाना महराजगंज जनपद जौनपुर ।5.का0 रवि यादव – थाना महराजगंज जनपद जौनपुर ।6.का0 सुमित यादव – थाना महराजगंज जनपद जौनपुर ।7.पीआरडी राकेश सिंह दृ थाना महराजगंज जनपद जौनपुर ।

### दो व्यापारियों के बीच मारपीट का वीडियो वायरल

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली–(हरदोई) कस्बे के बरगद चौराहा पर दो (पक्षों) व्यापारियों के बीच जमकर मारपीट हुई जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। मारपीट के दोनों आरोपी बबलू व नियाजी टैंट का काम करते हैं। इन दोनों व्यापारियों के लेनदेन को लेकर हुई बातचीत इतनी बढ़ गई कि दोनों व्यापारी एक दूसरे को लात घूसों से दुकान के अंदर ही मारने पीटने लगे। शोर गुल सुनकर पड़ोसी दुकानदारों ने एक दूसरे को समझा बुझाकर शांत कराया। बाद में दोनों लोगों के बीच जमकर हुई मारपीट का मामला पाली थाने पहुंचा। वहीं पाली पुलिस मारपीट की वजह जानने को बारीकी से जांच करने में लग गयी है।

### पाठक बन्धुओं से अनुरोध

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट **www.Desh ki upasana.com** का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - **dku live** सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।

–संपादक

## अज्ञात कारणो से लगी आग : हुआ लाखों का नुकसान

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली–(हरदोई) मंगलवार बीती रात को रामलीला चौराहा के पास अचानक खोखे में आग लग जाने से आग की चपेट में आकर चार दुकानों के खोके के अंदर रखा लाखों का माल जलकर राख हो गया। बुधवार सुबह पीड़ित दुकानदारों ने थाने पहुँच कर तहरीर दी है। कस्बे के मोहल्ला सरायसैफ निवासी विजय यादव ने बताया



कि उसकी रामलीला चौराहा के पास राजकीय बालिका इण्टर कालेज के सामने लकड़ी का खोखा रखा है। जिसमें वह रेडीमेड की दुकान चलाता है। मंगलवार रात अचानक उसके खोखे में आग लग गई । देखते ही देखते आग ने पास में रखे कस्बा निवासी सलीम, निशात और अंजार हसन के खोखे को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें देख आसपास के लोग मौके पर पहुँच गये और आग पर पानी डालकर जैसे तैसे काबू पाया। इस अग्निकांड में विजय रेडीमेड, अंजार रेडीमेड, निशात अली रेडीमेड और सलीम का लाखो रुपये का नुकसान हुआ है। व्यापारियों के मुताबिक नगर पंचायत और फायर ब्रिगेड को घटना की सूचना दी गई, लेकिन मौके पर न फायरब्रिगेड पहुँची न ही नगर पंचायत का टैंकर। थानाध्यक्ष राजकुमार पाण्डेय ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच कर कार्यवाही की जायेगी।

## जेसीआई जौनपुर द्वारा ईपीएस ट्रेनिंग का किया गया आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : व्यक्तित्व विकास की संस्था जेसीआई द्वारा नगर के एक होटल में ईपीएस ट्रेनिंग का आयोजन उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह की अध्यक्षता में किया गया। संस्था अध्यक्ष दिलीप



सिंह ने कहा कि बोलना तो सभी को आता है लेकिन जब माइक हाथ में आता है तब लोगों के मन में एक भय व्याप्त हो जाता है और आता हुआ सब भूल जाता है। इफेक्टिव तरीके से कम्युनिकेशन करना ही इस ट्रेनिंग का उद्देश्य है। ट्रेनर जेसी रविकांत जायसवाल ने मनोरंजक माहौल में सदस्यों को प्रभावी तरीके से बोलने के बारे में विस्तार से बताया व अभ्यास कराया। उक्त कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष आलोक सेठ जोन, अधिकारी धर्मेंद्र किरन सेठ व गौरव जूही सेठ, पूर्व अध्यक्ष कृष्ण कुमार जयसवाल, शशांक सिंह रानू, संजय गुप्ता, अर्चना सिंह, मनीष सिमरन तिवारी, आकाश केसरवानी, नीतू सिंह, संतोष अग्रहरी, सर्वेश गुप्ता, दिलीप बबिता जायसवाल, अजय नाथ जायसवाल, मनीष चौरसिया, नीरज श्रीवास्तव, कृष्ण कुमार जायसवाल, शिवेंद्र सेठ, रमेश श्रीवास्तव, संदीप वंदना सेठी, अंजनी सीमा प्रजापति, अभिषेक अग्रहरी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन जेसी हफीज शाह द्वारा किया गया व आभार कार्यक्रम संयोजक जेसी शुभम जायसवाल द्वारा किया गया।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

हार को जीत में बदलना हो तो अपनी इच्छा को प्रभु इच्छा में मिला दो।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# ऑस्ट्रेलिया के स्कूली पाठ्यक्रम में पंजाबी भाषा शामिल

ऑस्ट्रेलिया की सरकार ने अपनी नई शिक्षा नीति में पंजाबी भाषा को स्कूली पाठ्यक्रम से जोड़ लिया है, जो स्वागत योग्य है।

ऑस्ट्रेलिया की सरकार ने अपने स्कूली पाठ्यक्रमों में पहले से निर्धारित विषयों में पंजाबी को भी शामिल किया है। इसकी मांग बहुत पहले से हो रही थी, लेकिन देर से ही सही, वहां की सरकार ने अपनी नई शिक्षा नीति में पंजाबी भाषा को जोड़ लिया है। इस निर्णय को भारत सरकार और भारतीयों ने खुलेदिल से सराहा है।

वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया में सिखों की आबादी 2,10,000 से अधिक थी, जो अब दोगुनी हो चुकी है। यह निर्णय उन देशों को भी भारतीय भाषा को शिक्षा में शामिल करने के लिए प्रेरित करेगा, जहां–जहां भारतीयों की आबादी हाल के दशकों में काफी बढ़ी हैं। फिजी, मॉरीशस, अमेरिका, इंग्लैंड जैसे कई मुल्क हैं, जहां हिंदुस्तानी लोग हिंदी–पंजाबी बोलते हैं और उन्हें देखकर अन्य लोगों ने भी भारतीय भाषाएं बोलना शुरू कर दिया है। कई अन्य देशों में भी हिंदी–पंजाबी को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांगें उठ रही हैं।

कहते हैं कि भाषा का बढ़ता प्रभाव बहती हवाओं और उड़ते परिंदों सरीखा होता है, जिसे रोक पाना सरकार के लिए भी मुश्किल होता है। नए निर्णय के तहत ऑस्ट्रेलिया में प्री–प्राइमरी से लेकर 12वीं तक के पाठ्यक्रमों में अब से पंजाबी पढ़ाई जाएगी। ऑस्ट्रेलिया में सबसे बड़ी सिख आबादी विक्टोरिया में है, इसके बाद न्यू साउथ वेल्स और क्वींसलैंड का स्थान आता है। पूरे ऑस्ट्रेलिया में करीब दस फीसदी आबादी पंजाबियों की है।

ऑस्ट्रेलियाई सांख्यिकी ब्यूरो द्वारा प्रस्तुत जनगणना–2011 के आंकड़ों की मानें, तो वहां 2,39,033 ऐसे घर हैं, जिनमे हमेशा पंजाबी बोली जाती है। बीते एकाध दशकों में इस महादीप में बड़ी संख्या में भारतीय ऑस्ट्रेलिया पहुंचे हैं। यही कारण है कि ऑस्ट्रेलिया में पंजाबी भाषा बोलने वालों की संख्या तेजी से बढ़ी है। इसके अलावा, हिंदी भी ऑस्ट्रेलिया में बोली जाने वाली शीर्ष 10 भाषाओं में जगह बना चुकी है। हालांकि, उसे अभी तक पाठ्यक्रमों में नहीं जोड़ा गया। हो सकता है, देर–सबेर हिंदी को भी पाठ्यक्रमों में जोड़ लिया लाए।

इतिहास के पन्नों को पलटें, तो कभी वहां भारतीयों का रहना उतना आसान नहीं होता था। वहां उनकी पहचान गिरमिटिया मजदूर के तौर पर हुआ करती थी। ऑस्ट्रेलिया में पंजाबियों को काफी संघर्ष करना पड़ा। वर्ष 1930 के बाद सिखों ने अपने अधिकारों का उपयोग करना आरंभ किया। शुरूआत में उनकी क्वींसलैंड के एथर्टन टेबललैंड क्षेत्र और न्यू साउथ वेल्स की उत्तरी नदियों, विशेष रूप से मैकलीन, हारवुड और क्लेरेंस में मजबूत उपस्थिति दर्ज की गई। उन्होंने शुरू में गन्ने के खेतों में काम करना शुरू किया, फिर ऐसा समा बंधा कि जीवन तेजी से आगे बढ़ा। कभी खेतों में सामान्य मजदूर के तौर पर काम वाले भारतीय उन्हीं खेतों को ठेके पर लेकर स्वयं खेती करने लगे। इसके अलावा अन्य कामों में भी वे हाथ बंटाते रहे।

समय के साथ वर्ष 1925 व 1929 के बीच एशियाई देशों के अन्य मुल्कों की तुलना में भारतीयों को वहां कहीं अधिक अधिकार दिए गए। एक वक्त ऑस्ट्रेलिया में भारतीयों को सीमित संपत्ति रखने का अधिकार था। वोट डालने का भी अधिकार नहीं था। लेकिन अब भारतीय वहां वोट भी देते हैं, नागरिकता भी हासिल है और पेंशन पाने का अधिकार भी प्राप्त है। नौकरियों के अलावा भारतीय समुदाय वहां कृषि क्षेत्र में प्रमुखता से रमे हुए हैं। ऑस्ट्रेलियाई जीडीपी में करीब 30 फीसदी हिस्सेदारी खेतीबाड़ी की है। वहां गन्ने की खेती प्रमुखता से होती है, जिसे तकरीबन पंजाबी ही करते हैं।

बेशक, ऑस्ट्रेलिया में राष्ट्रीय भाषा के रूप में अंग्रेजी स्वीकृत है, पर अब दूसरी भाषाएं भी अपनी जगह बनाती जा रही हैं। स्थानीय नागरिक भी बड़े चाव से पंजाबी बोलते हैं। घरों में बच्चों के लिए बकायदा ट्यूटर रखे हुए हैं। दरअसल जैसे–जैसे पंजाबियों की आबादी बढ़ी, वैसे ही पंजाबी भाषा का भी विस्तार होता गया। और यह विस्तार इस कदर हुआ कि आज पंजाबी भाषा ने अपनी मौजूदगी वहां के राष्ट्रीय पाठ्यक्रमों में दर्ज करवा ली। ऑस्ट्रेलिया में पंजाबी अब सरकारी भाषा हो गई है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# प्रदेश के गन्ना किसान घर बैठे ऑनलाइन बुक कर सकते हैं मिनी गन्ना सीड किट

जिला गन्ना अधिकारी महेन्द्र कुमार ने अवगत कराया है कि प्रदेश के आयुक्त, गन्ना एवं चीनी संजय आर. भूसरेड्डी द्वारा गन्ना किसानों को नवीन किस्मों के गन्ना सीड किट की एक निष्पक्ष एवं परदर्शी व्यवस्था बनाई गई है।



इस व्यवस्था के तहत किसान अब घर बैठे गन्ना विकास विभाग की वेबसाइट enquiry.caneup.in पर बीज बुक करके उसका भुगतान भी ऑनलाइन कर सकते हैं। इससे किसानों को मिनी गन्ना सीड किट के लिए शोध केन्द्र पर दौड़ना नहीं पड़ेगा बल्कि कृषक वांछित किस्म का बीज घर बैठे बुक कराकर प्राप्त कर सकते हैं। जिला गन्ना अधिकारी ने बताया कि गन्ना आयुक्त महोदय द्वारा इस व्यवस्था के अन्तर्गत समस्त कृषकों को उनके मांग के अनुरूप मिनी गन्ना सीड किट की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने की व्यवस्था दी गई है।

# चीनी मिल द्वारा किसानों को 900 में गन्ने का बीज दिए जाने से किसान कुपित

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : मामला चीनी मिल लोनी का है जहां किसान गन्ना बीज लेने पहुंचे और वहां के जिम्मेदारों ने किसानों को 900 रुपये में गन्ने का बीज दिया जा रहा है ।इस संबंध में किसानों ने जिला प्रशासन से चीनी मिल के प्रबंधक से शिकायत की व वहां पर बीज उपलब्ध कराने की मांग की जहां चीनी मिल के जिम्मेदारों ने गन्ना बीज लेने पहुंचे किसानों ने 14201 ब्राइटी के बीज के लिए प्रति कुंतल 900 जमा करा लिये जड़ वा पत्तों सहित दिए जा रहे हैं बीज को इस दर पर दिए जाने का किसानों ने विरोध शुरू कर दिया और किसानों ने बताया कि उनके गन्ने की छिलाई और कटाई करवाने के बाद ही कीमत 350 प्रति कुंतल में लिया जाता है वही चीनी मिल प्रबंधक किसानों से ही लेकर किसानों को ही गन्ना दे रही है और मुनाफा कमा रही है यही मामला सैदपुर निवासी विपनेश गुप्ता, रजनीश सिंह, रविंद्र सिंह, आदि दर्जनों किसानों ने बताया बीते वर्ष भी किसानों से गन्ना बीज सोलह सौ रुपये प्रति कुंटल बीज उपलब्ध करवाया गया था और जिसमें किसानों ने



जिला प्रशासन से मामले को संज्ञान में लेने और किसानों के साथ हो रहे शोषण को रुक बाने की मांग की है जिसमें जिला गन्ना अधिकारी ने बताया मामले की जानकारी की जा रही है जानकारी करने के बाद किसी भी कीमत पर किसानों के हितों से समझौता नहीं किया जाएगा वा सी डी आई ने बताया अगर ऐसा है तो निश्चित ही गलत किया जा रहा है मामले की जांच कराकर जिम्मेदार चीनी मिल कर्मियों को नोटिस दिया जायेगा।

# शारदा सहायक नहर से अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद : पुलिस के काफी प्रयास के बाद भी नहीं हो सकी शव की शिनाख्त

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) रूदौली कोतवाली क्षेत्र की शरदा सहायक नहर में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया।जानकारी के अनुसार सोमवार को रूदौली कोतवाली क्षेत्र के बिगिनिया के पुल के पास शारदा सहायक नहर में ग्रामीणों ने एक शव बहता हुआ देखा।जिसकी सूचना ग्रामीणों ने रुदौली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सीओ रुदौली सतेंद्र भूषण तिवारी व कोतवाल रुदौली देवेंद्र सिंह तत्काल पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर नहर से शव को बाहर निकलवाया और शव के शिनाख्त का काफी प्रयास किया लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी।शव को पुलिस ने पीएम के लिए भेज दिया।इस सबन्ध में सीओ सतेंद्र भूषण तिवारी ने बताया कि मृतक व्यक्ति का कद लगभग 5 फुट 3 इंच है जिसका शव शारदा सहायक नहर में कहीं से बहकर आया है शव देखने मे कई दिनों का प्रतीत हो रहा है। जिससे मृतक व्यक्ति का चेहरा पहचान मे नहीं आ रहा है। उन्होंने बताया कि शव की शिनाख्त के लिए आस–पास के गांवों के लोगों को बुलवाकर शव की पहचान का काफी प्रयास किया गया लेकिन मृतक व्यक्ति के शव की पहचान नहीं हो सकी है।शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है और उसके डीएनए परिक्षण की भी कार्यवाही की जा रही है।

## बीटीसी छात्रा अपहरण के मामले में मुकदमा हुआ दर्ज : छानबीन शुरू

अयोध्या (डीकेयू लाईव ब्यूरो सुरेंद्र कुमार) बीकापुर अयोध्या बीटीसी की एक छात्रा के रहस्यमय ढंग से लापता होने के मामले में पुलिस ने एक युवक के विरुद्ध अपहरण का केस दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी 28 वर्षीय पुत्री बीटीसी प्रथम सेमेस्टर की छात्रा है क्षेत्र के 1 प्राथमिक विद्यालय में वह 9 फरवरी से प्रशिक्षण ले रही है 17 फरवरी को विद्यालय से आने के बाद वह अपनी मां से चौरेबाजार ननिहाल जाने की बात कह कर करीब 3:30 बजे निकली और रात में 9:00 बजे उसने स्वयं के पहुंचने की सूचना दी, अगले दिन उसने घर वापस आने की सूचना दी और फोन बंद हो गया। 23 फरवरी को लगभग 5:00 बजे उसका फोन आया तो उसने बताया कि उसे हैदराबाद सिकंदराबाद स्टेशन पर उतारकर किसी मंदिर के नीचे गुफा में शहजाद खान नाम के आदमी के पास रखा गया है उसके मोबाइल सिम को तोड़ कर फेंक दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक सुमित कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पीड़ित पिता की तहरीर पर आरोपी शहजाद खान के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज करके छानबीन की जा रही है।

# जिला खनन अधिकारी ने की छापेमारी : चोरी से अवैध बालू खनन करते मय ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत कोटसराय के मजरे माझा कला स्थित चोरी से बालू अवैध खनन करने का मामला जोरों पर है। जिला खनन अधिकारी,राजस्व विभाग, व पुलिस की संयुक्त टीम की छापेमारी पर चार खननकर्ता मय ट्रैक्टर ट्राली के साथ पकड़ा लिया। सूचना पर छापेमारी करने पहुंचे जिला खनन अधिकारी डॉक्टर दीपक, हलका इंचार्ज अभिषेक त्रिपाठी,व हल्का लेखपाल जितेंद्र वर्मा, ने मौके से लाल रंग की दो ट्रैक्टर ट्राली गाड़ी संख्या 42 As 93 29 पर, 0404 घन मीटर बालू लदी पाई गई। खनन अधिकारी डॉ दीपक ने बताया एक अन्य ट्रैक्टर ट्राली चालक मौके से भागा जिसे मुमताज नगर स्थित एक बिल्डिंग मटेरियल की दुकान से पकड़ लिया गया। बताया काशीराम पासी पुत्र सीताराम, परीदीन कोरी पुत्र बधई,राम सजीवन पुत्र सदर निवासी कोटसराय ने गाटा संख्या 995 च भागीरथी आदि से लगभग 3000 घन मीटर अवैध खनन किया है। हल्का इंचार्ज अभिषेक त्रिपाठी ने बताया सभी आरोपियों पर खनन खनिज अधिनियम 1957 की धारा 4 / 21, वह खनिज चोरी हेतु आईपीसी की धारा 379 व 411 में मुकदमा पंजीकृत किया गया।

## ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय मुख्यालय आबू रोड राजस्थान से जौनपुर केंद्र पर पधारी वरिष्ठ राजयोगिनी बी के गीता बहन ने बताया सच्चा गीता ज्ञान

जौनपुर क्राइम ब्यूरो धनंजय विश्वकर्मा: ब्रह्माकुमारी ईश्वरी विश्वविद्यालय मुख्यालय माउंट आबू राजस्थान से उत्तर प्रदेश भ्रमण पर निकली वरिष्ठ राजयोगिनी गीता बहन श्री राम की नगरी अयोध्या होते हुए जनपद जौनपुर सेवा केंद्र पर पहुची उनके साथ अयोध्या केंद्र की बी.के. अलका बहन तथा बी.के. मुकेश भाई व अन्य भाई बहन भी साथ पहुंचें। जौनपुर सेंटर पर पहुंचने पर यहाँ के भाई बहनों तथा सेंटर की इंचार्ज बी.के. सुनीता बहन द्वारा उन सभी लोगों का जोरदार स्वागत अभिनंदन किया गया।

वरिष्ठ राजयोगिनी बी.के. गीता बहन द्वारा सर्वप्रथम क्लास कराकर मुरली सुनाई गई और राजयोग के गुढ रहस्यों पर प्रकाश डाला गया तथा गीता ज्ञान को सहज एवं सरल तरीके से लोगों को समझाया गया, साथ ही धारणा पर विशेष बल दिया गया, कहा गया कि बिना धारणा के कुछ भी प्राप्ति संभव नहीं है वही बीके मुकेश भाई ने भी सहज भाव से राजयोग धारण करने की विधि बतलाई गयी, बताया कि राजयोग को धारण करने से कैसे मनुष्य का जीवन बदल जाता है, जीवन में खुशियां खुद चलकर दरवाजे पर आने लग जाती हैं।

जौनपुर सेंटर प्रभारी बीके सुनीता बहन ने बताया कि इस जनपद में कोई सेंटर और समर्पित ब्रह्माकुमारी बहन नहीं रहीं थी, जिसके कारण जनपद वासियों को इस गुड़ ज्ञान से वंचित होना पड़ रहा था लेकिन अब मेरे द्वारा शिव बाबा की प्रिय आत्माओं को सुदूर ग्रामीण अंचलतक ज्ञान पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा और इस संदेश को कि परमात्मा इस ध







हे हैं उन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

उक्त कार्यक्रम में केंद्र से जुड़े वरिष्ठ राजयोगी भाइयों एवं बहनों ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# निकाय चुनाव एवं लोक सभा चुनाव का मार्ग प्रशस्त करने के लिए बूथ सशक्तीकरण जरूरी –प्रकाश पाल

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनावों की तैयारियां शुरू कर दी है। इसी के मद्देनजर सोमवार को बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी के हरदोई जिला मुख्यालय पर में जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी प्रकाश पाल ने कहा कि बूथ सशक्तिकरण अभियान के सभी बिंदु कार्यकर्ताओं के समक्ष रखें और बताया कि जल्द ही यह कार्यक्रम मंडल और बूथ स्तर पर आयोजित किए जाएंगे। प्रकाश पाल ने कहा कि भाजपा 2024 के लोकसभा चुनावों की तैयारी में जुट गई है। इसी के अंतर्गत बूथ सशक्तिकरण अभियान पूरे जिले में चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत संसदीय क्षेत्र के सभी मंडल और बूथ को सशक्त बनाने के लिए पूर्ण रणनीति तैयार कर ली गई है। उन्होंने कहा कि पिछले लोक सभा चुनाव में जो कुछ सीट रह गई थी उनको इस बार जीत कर रिकॉर्ड बनाया जायेगा। पूरा विश्वास है कि भाजपा साल 2024 के आम चुनावों में अच्छा प्रदर्शन करेगी। भारतीय जनता पार्टी वह दल है जिसके कार्यकर्त्ता निष्ठाकपूर्वक कार्य कर अपने दल की विचारधारा को आगे बढ़ाने का कार्य करते है. वही जब इन सभी कार्यकर्ताओं को देश के कर्मठ प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी का साथ मिल जाए तो फिर हर एक बाधा को पार कर शिखर तक पहुंचा जा सकता है। अपने अध्यक्षीय संबोधन में सौरभ मिश्र ने कहा भारतीय जनता पार्टी सदैव कार्यकर्ता आधारित पार्टी रही है नेतृत्व द्वारा दिए गए सभी कार्यों को पार्टी के देव तुल्य कार्यकर्ता धरातल पर उतारते हैं यही कारण है 2014 से पार्टी ने उत्तर प्रदेश में लगातार जीत दर्ज की है तथा देश में भी 90: चुनावों में सफलता हासिल की है बूथ सशक्तिकरण पार्टी सर्वाधिक महत्वपूर्ण कार्य है सशक्त बूथ ही पार्टी को बूथ पर जीत दिलाता है और बूथ जीता तो चुनाव जीता यही हमारा मंत्र है। इस समय देश के तमाम विपक्षी दल विदेशी ताकतों के साथ मिलकर एंटी इंडिया टूल किट






का इस्तेमाल कर मोदी की छवि धूमिल करना चाहते हैं जो कभी होने वाला नहीं है मोदी का विरोध करते करते यह देश विरोधी भी हो जाते हैं कभी देश की अर्थव्यवस्था को चोट पहुंचाना हो कभी सेना का अपमान करना हो कभी करोना महामारी में अफवाह फैलाना हो यह विपक्षी दल पीछे नहीं हटते 2024 में देश की जनता विपक्षियों के कृतियों का मुंहतोड़ जवाब देगी। कार्यशाला का संचालन जिला महामंत्री अजीत सिंह बब्बन ने किया प्रमुख रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव रंजन मिश्र श्रीकृष्ण शास्त्री राम किशोर गुप्ता गुड्डू विद्याराम वर्मा क्षेत्रीय मंत्री संजय गुप्ता क्षेत्रीय कार्यालय मंत्री विमल सिंह पूजा मिश्रा जिला उपाध्यक्ष राजेश अग्निहोत्री एसपी मौर्य संदीप सिंह प्रीतेश दीक्षित श्रवण कनौजिया विनोद राठौर जिला मंत्री अविनाश पांडे बागीश सिंह मीना वर्मा अजय शुक्ला जय देवी राजपूत राम नंदनी वर्मा नीतू चंद्रा कोषाध्यक्ष डॉ अनुज गुप्ता जिला मीडिया प्रभारी गांगेश पाठक कार्यालय मंत्री अतुल सिंह कार्यालय प्रभारी सत्यम शुक्ला सहित सभी मोर्चों के जिलाध्यक्ष मंडल अध्यक्ष गण तथा मंडल प्रभारी मौजूद रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष के अंर्तगत पोस्टर प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। ' जैसा खावे अन्न वैसा होवे मन' इस आशय के साथ नवयुग कन्या महाविद्यालय राजेंद्र नगर लखनऊ की 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन एनसीसी विंग द्वारा एनसीसी अधिकारी मेजर (डॉ.) मनमीत कौर सोढ़ी की देखरेख तथा प्राचार्या प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय की अध्यक्षता में अंतर्राष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष के अंर्तगत एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका विषय था– मोटे अनाज का स्वास्थ्य लाभ जिसमे कैडेट ललिता, नैंसी, पल्लवी , प्रियंका, खुशी त्रिपाठी, शुभांगी, खुशी, गौरवी, खुशी कन्नोजिया, सगलगुंण कौर, रेनू,ईशा आदि ने अपने पोस्टर के माध्यम से ये दर्शाया कि मोटा अनाज अत्यंत गुणकारी होता है । ये अनाज कम पानी तथा निम्न उपजाऊ भूमि में भी उग जाता है । इनकी खेती में यूरिया एवं अन्य रसायनों की जरूरत भी नहीं पड़ती । इसलिए ये पर्यावरण के लिए भी लाभकारी होते हैं । सभी प्रमुख मोटे अनाज जैसे ज्वार, बाजरा, रागी में आयरन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है । अलग अलग मोटे अनाजों को मिलाकर उपयोग करने से इनका अधिकतम लाभ मिल सकता है । कैडेट्स ने सोशल मीडिया के माध्यम से इस संबंध में आम जन को जानकारी देने का




भी प्रयास किया । मिलेट्स (मोटा अनाज) का सेवन सेहत के लिए काफी फायेदमंद है । इसमें कैल्शियम, आइरन, जिंक, मैग्नेशियम, विटामिन, आवश्यक प्रोटीन, सुपाच्य फाइबर इत्यादि पाए जाते हैं । कार्यक्रम एनसीसी निदेशालय के निर्देशानुसार लखनऊ मुख्यालय की 19 बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल दीपक कुमार के दिशा निर्देश के अनुसार किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता का मूल्यांकन डॉ विनीता सिंह एवं डॉ राशीदा खातून द्वारा किया गया । परिणाम इस प्रकार रहा– प्रथम प्रियंका यादव एवं खुशी कन्नौजिया द्वितीय खुशी त्रिपाठी एवं नैंसी विश्वकर्मा तृतीय ईशा मिश्रा एवं शुभांगी निगम सांत्वना ललिता यादव एवं गौरवी यादव रहे।

# जन जीवन कल्याण के लिए विज्ञान का प्रयोग जरूरी : छात्रों ने विज्ञान को लेकर प्रस्तुत किया आकर्षक मॉडल

जौनपुर क्राईम ब्यूरो धनंजय विश्वकर्मा : करंजाकला विकासखंड के मोमिनपुर के इंदिरा पब्लिक स्कूल में र विज्ञान लेकर बच्चों ने आकर्षण मॉडल का प्रदर्शन किया और अपने हुनर का लोहा भी मनवाया और लोगों ने उनके प्रस्तुति की सराहना की। विज्ञान मॉडल प्रेजेंटेशन समारोह में बच्चों ने बढ़ चढ़कर अपने अपने तरीके से विज्ञान मॉडल प्रस्तुत किया जिसमें प्रकृति व सैटलाइट कम्युनिकेशन सिस्टम का भी मॉडल छाया रहा। कक्षा 5 व सात के बच्चों की टीम ने कंप्यूटर जल संरक्षण टंकी का भी मॉडल प्रस्तुत किया। पर्यावरण प्रदूषण के साथ ही पृथ्वी के घूर्णन गति का मॉडल दिया गया । कक्षा 12 की छात्रा खुशी का विशेष मॉडल दिखाया। जिसमें पृथ्वी पर दिन और रात क्यों होते हैं जिसकी सभी लोगों ने सराहना की। मानव तंत्रिका पर्यावरण कूलर से फायदे नुकसान की भी प्रति बच्चों ने की। इस और कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ रामाश्रय भारद्वाज ने जीवन में विज्ञान का महत्व उसकी उपयोगिता पर विस्तार से अपने विचार दिए और कहा कि विज्ञान को जन जीवन कल्याण के लिए प्रयोग किया जाए। जिससे देश तरक्की करें ।प्रबंधक ज्ञान





ज्ञानेंद्र पाल ने कहां की विज्ञान ने विश्व में अपने तकनीक का लोहा मनवाया है और विज्ञान ही जीवन की जरूरत का अभिन्न अंग है। विज्ञान का प्रयोग विश्वकल्याण के लिए होने का जोर दिया ,कहा कि अब विध्वंस के लिए नहीं होना चाहिए ।इस मौके पर प्रेम धारीवाल ,संजय कुमार ,जितेंद्र कुमार, संजीव कुमार, अमित कुमार ,मनोज तिवारी ,विजय सिंह, अखिलेश मौर्या, शिवा मिश्रा ,राजकुमार ,सुषमा पाल चंदूवाला, स्तुति, रंजना विश्वकर्मा, फरहीन शेख, अनिल यादव मौजूद रहे।

## डॉ0 देवेंद्र शर्मा द्वारा उमानाथ सिंह जिला चिकित्सालय में एनआरसी का किया गया दौरा

जौनपुर सू.वि. : अध्यक्ष (राजमंत्री स्तर) उत्तर प्रदेश, राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग डॉक्टर देवेंद्र शर्मा का जनपद जौनपुर का भ्रमण हुआ, जिसमें माननीय अध्यक्ष द्वारा सर्वप्रथम उमानाथ सिंह जिला चिकित्सालय में एनआरसी का दौरा किया गया जिसमें 10 बच्चे भर्ती पाए गए सभी बच्चों के अभिभावकों से माननीय अध्यक्ष द्वारा वार्ता की गई एवं मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानना चाहा जिसमें सभी लोगों ने मिलने वाली सुविधाओं पर संतोष व्यक्त किया और बताया कि समय से खाना, बच्चों को दूध और दवाइयां उपलब्ध हैं। बच्चों में उत्तरोत्तर विकास प्रदर्शित हो रहा है। तत्पश्चात माननीय अध्यक्ष द्वारा इमरजेंसी वार्ड का निरीक्षण किया गया और वहां आए हुए लोगों से वार्ता की गई। मा० अध्यक्ष जी ने चिकित्सालय में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। माननीय अध्यक्ष जी द्वारा जिला जेल के महिला सेल का निरीक्षण किया गया जिसमें उनके द्वारा पाया गया कि बच्चे अपने अभिभावकों के साथ महिला सेल की बैरक में रह रहे हैं। तत्पश्चात अभिनव प्राथमिक विद्यालय चौकिया धाम का निरीक्षण किया गया जिसमें विद्यालय में सभी कक्षाओं में जाकर बच्चों से वार्ता की गई, और बच्चो को पढ़ाए जाने वाले विषय में जानकारी प्राप्त की, बच्चों ने पढ़ाए जाने वाले विषय के संबंध में बताया जिस पर माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा संतोष व्यक्त किया गया। विद्यालय प्रांगण में कार्यरत आंगनवाड़ी कार्यकर्ती द्वारा माननीय अध्यक्ष के द्वारा गोद भराई एवं अन्नप्राशन की रश्म पूर्ण करवाई गई। अंत में माननीय अध्यक्ष जी द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय धर्मापुर ब्लॉक का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण में कक्षा 6, 7 एवं 8 की कक्षाओं में जाकर बच्चों से उनके पढ़ाए जाने वाले पुस्तकों के बारे में जानकारी ली। माननीय अध्यक्ष जी द्वारा बच्चों के साथ ही खाना खाया। अपराह्न 02.00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ बाल संरक्षण के मुद्दे पर समीक्षा बैठक की। बैठक में एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान को जनपद में प्रभावी तरीके से चलाए जाने हेतु टीम वर्क पर जोर दिया। इस दौरान सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा अपने–अपने विभाग में बच्चों हेतु संचालित योजनाओं की प्रगति प्रस्तुत की गई कार्यक्रम की अध्यक्षता अर्चना ओझा अतिरिक्त उपजिलाधिकारी द्वितीय द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी विजय कुमार पांडेय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर गोरखनाथ पटेल, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी दिव्या शुक्ला, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ० राम बदन सिंह, बाल विकास परियोजना अधिकारी करंजाकला अभिषेक द्विवेदी, सुरेश वर्मा, ईसीएमओ जिला चिकित्सालय के अधीक्षक डॉक्टर राय, वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर जयसवाल जिला समन्वयक बालिका शिक्षा, चंदन राय बाल संरक्षण अधिकारी उपस्थित रहे।

## हाइड्रोजन एनर्जी सोलर एनर्जी के शोध पर विशेष ध्यान –प्रो. निर्मला एस मौर्य

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर ''सतत विकास के लिए विज्ञान की भूमिका'' विषयक एक–दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन ऑनलाइन



माध्यम से मंगलवार को किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने सर सीवी रमन द्वारा किये गये वैज्ञानिक कार्यों को छात्रों से चर्चा करते हुए कहा कि मानव सभ्यता के विकास में विज्ञान का योगदान अप्रतिम है। साथ ही कहा कि वर्तमान समय की जरूरत को ध्यान में रखते हुए पूर्वांचल विश्वविद्यालय में वैकल्पिक उर्जा स्रोतो द्वारा ऊर्जा के रूपांतरण और भंडारण हेतु हाइड्रोजन एनर्जी, सोलर एनर्जी एवं रिचार्जेबल बैटरी के शोध एवं विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। संगोष्ठी में विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं और शिक्षकों ने प्रतिभाग किया । साथ ही साथ छात्रों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे पोस्टर व ओरल प्रेजेंटेशन, रंगोली, एक्सटेम्पोर, क्विज प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के वक्ता वैज्ञानिक, विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद, उत्तर प्रदेश के डॉ. सुमित श्रीवास्तव ने विज्ञान और तकनीकी विकास की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में बताया तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद, उत्तर प्रदेश के द्वारा विज्ञान प्रसार के कार्यक्रमों को छात्रों से साझा किया जिससे कि छात्र उनमें प्रतिभाग कर सकें। संगोष्ठी में निदेशक प्रो. देवराज सिंह तथा प्रो. बी.बी. तिवारी, ने अभियांत्रिकी संकाय ने विषय प्रवर्तन करते हुए सर सीवी रमन के योगदान और वैज्ञानिक विकास के महत्व के बारे में विस्तार से चर्चा की। विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का समन्वयन, कार्यक्रम आयोजन सचिव डॉ० रामान्शु पी० सिंह ने किया। रंगोली प्रतियोगिता में एमएस. सी. सूक्ष्मजैविकी विभाग के सतीश राजभर के ग्रुप को प्रथम, एमएससी. भौतिकी विभाग की रश्मि मौर्या के ग्रुप को द्वितीय एवं श्येमा अफरोज के ग्रुप को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। वैकल्पिक उर्जा शोध केंद्र के शोधार्थी अनिल कुमार शर्मा व भौतिकी विभाग के शोधार्थी शिवम कुमार सिंह को बेस्ट ओरल प्रेजेंटेशन, एम.एससी. भौतिकी विभाग के जमुना प्रसाद यादव को बेस्ट पोस्टर प्रेजेंटेशन प्राप्त हुआ। एक्सटेम्पोर व क्विज के विजेता इंजीनियरिंग संस्थान के स्वर्णिम मिश्रा और शैयद अजमत हुसैन रहें। सेमिनार में प्रो. राम नारायण, डॉ. श्याम कन्हैया, डॉ. गिरिधर मिश्र, डॉ. पुनीत धवन, डॉ. सुजीत चौरसिया, डॉ. रसिकेश, डॉ० सुनील कुमार आदि उपस्थित रहें। संचालन डॉ. धीरेन्द्र चौधरी तथा डॉ. काजल डे ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## जनपद की कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने हेतु कुल 08 वारंटी 05 वांछित अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जनपद की कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने एवं अपराध/अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु डा0 अजय पाल शर्मा, पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा बीती रात्रि वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान चलाया गया, जिसके अन्तर्गत कुल 08 वारंटी, 05 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। जिसका थानावार विवरण निम्न है–

1.थाना जलालपुर प्रभारी निरीक्षक मय पुलिस टीम द्वारा गैंगेस्टर एक्ट के तीन वांछित अभियुक्तों 1– चन्द्रभूषण यादव पुत्र रामसमुझ यादव निवासी धर्मापुर थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर उम्र करीब 38 वर्ष , 2– संदीप यादव पुत्र राममिलन यादव नि0 धर्मापुर थाना गौराबादशाहपुर , जौनपुर उम्र करीब 32 वर्ष 3– प्रदीप यादव पुत्र जयनाथ यादव नि0 धर्मापुर थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर उम्र करीब 28 वर्ष सम्बन्धित मु0अ0सं0– 05/23 धारा 3(1) उ0प्र0 गैंगेस्टर एक्ट थाना गौराबादशाहपुर, जौनपुर को मुखबिरी सूचना के आधार पर कबूलपुर तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

2.थाना मछलीशहर पुलिस टीम द्वारा अपहरण के मुकदमें में एक वांछित अभियुक्त शाहरूख उर्फ खड़ेजा पुत्र रूस्तम निवासी सब्जी मण्डी कस्बा व थाना मछलीशहर जनपद जौनपुर सम्बन्धित मु0अ0सं0 46/23 धारा 363, 366 IPC को दिनांक 27.02. 2023 को रोडवेज बस स्टैण्ड के पास से समय 19.25 बजे गिरफ्तार किया गया तथा अपहृता की बरामदगी की गयी । आवश्यक विधिक कार्यवाही के उपरान्त अभियुक्त को मा0 न्याया0 के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है ।

3.थाना सिकरारा पुलिस टीम द्वारा एक वांछित अभियुक्त मु0अ0सं0 39/2023 धारा 419/420 भादवि व 3/9 उ0प्र0 सर्वाजनिक परीक्षा अधिनियम 1998 थाना सिकरारा जनपद जौनपुर का सफल अनावरण करते हुए अभियोग से सम्बन्धित घटना मे सम्मिलित / प्रकाश में आये अभियुक्त 1. पवन चौहान पुत्र महेन्द्र प्रताप चौहान निवासी कोहडे सुल्तानपुर थाना बक्सा जनपद जौनपुर को नियमानुसार गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही कर के मा0 न्यायालय भेजा गया।

4.थाना शाहगंज पुलिस टीम द्वारा 04 वारंटी अभियुक्तों 1. हरिश्चन्द्र पुत्र देवतादीन निवासी कोहड़ा थाना शाहगंज जौनपुर 2. लक्ष्मीना पत्नी सरजू प्रसाद निवासी कोडहा थाना शाहगंज जनपद जौनपुरव 3. सरजू प्रसाद पुत्र वंशु निवासी कोहड़ा थाना शाहगंज जौनपुर सम्बन्धित अ0सं0 दृ 126/2020 धारा 323/504 भादवि व 4. वारण्टी सुनील उर्फ शनि पुत्र ओमप्रकाश जायसवाल निवासी ठकठौलिया थाना शाहगंज जौनपुर सम्बन्धित अ0सं0– 424/10 धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही उपरान्त सम्बन्धित न्यायालय भेजा गया।

5.थाना खुटहन पुलिस टीम द्वारा 03 वारंटी अभियुक्त 1.शरद कुमार यादव पुत्र श्रीधर यादव ग्राम मियांचक 2. रमाशंकर पुत्र सहदेव हरिजन 3. अर्जुन पुत्र रामधनी निवासीगण जगजीवनपट्टी थाना खुटहन जनपद जौनपुर को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही उपरान्त सम्बन्धित न्यायलाय भेजा गया।

6.थाना चन्दवक पुलिस टीम द्वारा 01 वारंटी अभियुक्त बहादुर पुत्र पंचम निवासी कनौरा थाना चन्दवक जनपद जौनपुर सम्बन्धित मु0नं0 6634/09 धारा 323/504/506 IPC थाना चन्दवक जनपद जौनपुर को गिरफ्तार किया गया।

## पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने धर्मशाला निर्माण के लिए किया भूमिपूजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने प्रतापगंज बाजार में स्थित संकटमोचन हनुमान मंदिर परिसर में भव्य धर्मशाला निर्माण हेतु वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भूमिपूजन किया। उन्होंने अपने हाथों से पांच फावड़ा मारकर खोदे गए गड्ढा में नींव की ईंट रखी। पूर्व सांसद ने धर्मशाला निर्माण में बढ़ चढ़कर सहयोग देने की बात कही। मंदिर परिसर में धर्मशाला निर्माण की मांग वर्षो से किया जा रहा था। पूर्व सांसद ने अपने संबोधन में कहा कि मंदिर आस्था के केंद्र होते है। धर्मशाला का निर्माण हो जाने से आस– पास के इलाके के लोगो को भी छोटे कार्य कराने में सुविधा मिलेगी।धर्मशाला निर्माण हो जाने से पूजन – अर्चन करने के लिए आ रहे साधु– संतों को ठहरने की सुविधा हो जाएगी। साथ ही बाजारवासियों को भी राहत मिलेगी। निर्माण समिति के अध्यक्ष गुड्डू जायसवाल, दिनेश जायसवाल चफनू व अन्य पदाधिकारियों की देखरेख में सोमवार देर शाम मौनीबाबा मंदिर के पुजारी दर्शनदास महाराज के नेतृत्व में पूरे विधि विधान से पूर्व सांसद ने भूमिपूजन कर धर्मशाला की आधारशिला रखी। पूर्व सांसद ने गांव के प्रधान राजेश कुमार बिल्लू से मंदिर में



अन्य समस्याओं पर भी चर्चा कर उसके निदान का आश्वासन दिया। इस मौके पर आनन्द जायसवाल, भरत जायसवाल, चंदन जायसवाल, अनिल सेठ, विजय सेठ, विनोद सिंह, चन्द्रसेन सिंह, मुन्नासेठ, अवधेश सेठ,आनन्द जायसवाल सहित भारी संख्या में बाजारवासी मौजूद रहे। संचालन डा. वीके शर्मा ने किया। वहां से वे सीधे गुलजारगंज बाजार में नवनिर्मित श्रीराम जानकी मंदिर में पहुंचे। वहां स्थापित हेतु आये मूर्तियों का मंत्रोच्चार के साथ दुग्धाभिषेक किया। मुख्य यजमान अशोक उमर वैश्य व अच्छे लाल हलवाई ने पूर्व सांसद को स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया।

## थाना सरपतहाँ पुलिस द्वारा नाजायज चाकू के साथ एक अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अजय पाल शर्मा पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे सघन अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज के कुशल पर्यवेक्षण में थाना सरपतहाँ पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त सादाब अंसारी पुत्र अफताब निवासी ग्राम डकहा कम्मरपुर थाना



सरपतहां जनपद जौनपुर को एक नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0 47/2023 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना स्थानीय पर पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण 1. सादाब अंसारी पुत्र अफताब निवासी ग्राम डकहा कम्मरपुर थाना सरपतहां जनपद जौनपुर पंजीकृत अपराध का विवरण दृ 1.मु0अ0सं0 47/2023 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना सरपतहां जौनपुर। 2. मु0अ0सं0 142/2022 धारा 3/5/8 गोवध निवारण अधिनियम थाना सरपतहां जौनपुर। बरामदगी का विवरण– 1.एक नाजायज चाकू।गिरफ्तारी टीम का विवरण ।1.उ0नि0 राघवेन्द्र राय थाना सरपतहां जौनपुर ।2.हे0का0 रामसागर यादव थाना सरपतहां जौनपुर ।3. कां0 बरखूराम थाना सरपतहां जौनपुर।

## थाना सिकरार पुलिस टीम नें एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अजय पाल शर्मा पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर द्वारा जनपद मे चलाये जा रहे अपराध एंव अपराधियो के विरूद्ध सघन अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल निर्देशन मे व क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल प्रवेक्षण में थानाध्यक्ष सिकरारा रमेश कुमार मय हमराह द्वारा मु0अ0सं0 44/2023 धारा 411/113 भादवि0 137 विधुत अधि0 के अभियुक्त 1. विवेक यादव पुत्र सभाजीत यादव निवासी बेल्छा थाना बक्शा जौनपुर को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के पास से करीब 080 मीटर बिजली के तार बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त दृ 1. विवेक यादव पुत्र सभाजीत यादव निवासी बेल्छा थाना बक्शा जनपद जौनपुर। गिरफ्तारी करने वाली टीम के सदस्य दृ 1.थानाध्यक्ष श्री रमेश कुमार थाना सिकरारा जौनपुर। 2.उ0नि0 विजय शंकर यादव



थाना सिकरारा जौनपुर। 3. हे का0 जितेन्द्र पाण्डेय थाना सिकरारा जनपद जौनपुर। 4. का0 अजय राव थाना सिकरारा जनपद जौनपुर।

## गैर इरादतन हत्या का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : थाना बदलापुर पुलिस टीम द्वारा गैर इरादतन हत्या के वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार। डा0 अजय पाल शर्मा पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थाना बदलापुर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0– 137/2022 धारा 323/504/506/304 भादवि के वांछित अभियुक्त धीरेन्द्र उर्फ पप्पू पुत्र राम बरन निवासी ग्राम लेदुका थाना बदलापुर जौनपुर जो लगातार घटना कारित करके फरार चल रहा था, को आज दिनांक 01.03.23 को दबिश देकर ग्राम लेदुका से अभियुक्त को उसके घर से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त– 1.धीरेन्द्र उर्फ पप्पू पुत्र राम बरन निवासी ग्राम लेदुका थाना बदलापुर जौनपुर । गिरफ्तार करने वाली टीम– 1.उ0नि0 राजेन्द्र प्रसाद थाना बदलापुर जनपद जौनपुर। 2.हे0का0 वीरेन्द्र वर्मा थाना बदलापुर जनपद जौनपुर। 3.का0 जाकिर हुसैन थाना बदलापुर जनपद जौनपुर।

## शिक्षा के नये तकनीकी परिवर्तनों पर ध्यान देना होगा –डॉ0 हूमा मुस्तफा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के संत कबीर सभागार में एक्टिविटी क्लब द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता सीएसटी उत्तर प्रदेश की संयुक्त निदेशक डॉ0 हूमा मुस्तफा रही। उन्होंने इमरजिंग ट्रेडस इन साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी विषय पर बोलते हुए कहा कि वर्तमान की नई तकनीकें हमारे जीवन की अभिन्न अंग बन गई है। इनमें विद्यार्थी अपने कौशल में सुधार करते हुए रोजगार के अच्छे अवसर विकसित कर सकते है। उन्होंने कहा कि छात्रों का नवाचार समाज के लिए उपयोगी होगा। शिक्षा के नये तकनीकी परिवर्तनों पर ध्यान देना होगा। कार्यक्रम में कला एवं मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो0 आशुतोष सिन्हा ने विज्ञान के तकनीकी पक्षों पर अपने विचार रखे। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो0 नीलम पाठक ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि विज्ञान ने तकनीकी को जन्म दिया है। इसके पीछे वैज्ञानिकों के वृहद अनुसंधान रहे है। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत पोर्ट्रेट भेटकर किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 स्नेहा पटेल ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 सुरेन्द्र मिश्र द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ0 नीलम यादव, डॉ0 शिवि श्रीवास्तव, डॉ0 वंदना रंजन, डॉ0 प्रदुमन द्विवेदी, डॉ0 नितेश दीक्षित, डॉ0 आशीष कुमार पाण्डेय, डॉ0 अंशुमान पाठक, डॉ0 मणिकांत त्रिपाठी, इं संजय चौहान, डॉ0 अनुराग पाण्डेय, डॉ0 चंद्र शेखर, अंकित मिश्र, डॉ0 शिक्षा जैन, डॉ0 पंकज सिंह सहित बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

## 01 वर्ष हेतु निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराये जाने का लिया गया निर्णय –जिला पूर्ति अधिकारी

जौनपुर सू.वि. : जिला पूर्ति अधिकारी ने सर्वसाधारण को अवगत कराया है कि भारत सरकार द्वारा, योजनान्तर्गत गरीब लाभार्थियों के आर्थिक बोझ को कम करने तथा राष्ट्रीय एकरूपता को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, एनएफएसए में आच्छादित अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को माह–जनवरी, 2023 से माह–दिसम्बर, 2023 तक, 01 वर्ष हेतु निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराये जाने का निर्णय लिया गया है। उक्त के क्रम में माह–मार्च, 2023 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम–2013 के अन्तर्गत माह–मार्च, 2023 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का, निःशुल्क वितरण एवं अन्त्योदय कार्डधारकों में माह–जनवरी, फरवरी व मार्च, 2022 त्रैमास के सापेक्ष 03 किग्रा० चीनी का वितरण 05 मार्च 2023 से 20 मार्च 2023 के मध्य किया जायेगा। उक्त वितरण अवधि में अन्त्योदय कार्डधारकों को 35 किग्रा0 खाद्यान्न (14 किग्रा0 गेहूं तथा 21 किग्रा0 चावल) तथा पात्र गृहस्थी राशन कार्डों से सम्बद्ध यूनिटों पर 05 किग्रा0 खाद्यान्न प्रति यूनिट (02 किग्रा0 गेहूं व 03 किग्रा० चावल) का निःशुल्क वितरण लाभार्थियों में सुनिश्चित कराया जायेगा। अन्त्योदय कार्डधारकों में माह–जनवरी, फरवरी व मार्च, 2022 त्रैमास के सापेक्ष 03 किग्रा० चीनी प्रति कार्ड रु0 18 प्रति किग्रा० की दर से चीनी का वितरण सुनिश्चित किया जायेगा। खाद्यान्न के निःशुल्क वितरण में पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। विक्रेता अपने उपलब्ध स्टॉक की सीमा तक पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन कर सकेंगे। अन्त्योदय कार्डधारकों को चीनी वितरण के सम्बन्ध में पोर्टेबिलिटी की सुविधा अनुमन्य नहीं होगी। लाभार्थी अपनी मूल दुकान



से ही चीनी प्राप्त कर सकेंगे। उक्त योजनान्तर्गत खाद्यान्न के निःशुल्क वितरण एवं अन्त्योदय कार्डधारकों में चीनी वितरण की अंतिम तिथि 20 मार्च 2023 होगी, जिस दिन आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं हेतु मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से वितरण सम्पन्न किया जा सकेगा। तत्क्रम में जनपद के समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया जाता है कि वे पूर्व में जारी सोशल डिस्टेन्सिंग के निर्देशो का पालन कराते हुए नियमानुसार लाभार्थियों/राशनकार्डधारकों में खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण तथा अन्त्योदय कार्डधारकों में माह–जनवरी, फरवरी व मार्च, 2023 त्रैमास के सापेक्ष 03 किग्रा० चीनी प्रति कार्ड रु0 18 प्रति किग्रा० की दर से चीनी का वितरण पर्यवेक्षणीय अधिकारियों की उपस्थिति में करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही अपनी उचित दर दुकानों पर उक्त योजना के सम्बन्ध में इसकी सूचना चस्पा करेंगे, ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी खाद्यान्न प्राप्त करने से वंचित न रह जाये।

## किसान पर जानलेवा हमला : पांच के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : बल्दीराय थाना क्षेत्र के पटैला गांव में खेत की रखवाली कर रहे किसान मोहम्मद हलीम (35) पुत्र कलीम को हमलावरों ने लाठी व डंडा मारकर घायल कर दिया। हालत गंभीर होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल लाया गया है,जहा पर गंभीर रूप से घायल किसान का इलाज चल रहा है। हलीम का कहना है कि पुरानी रंजिश को लेकर हमलावर रंजिश मानते थे।पीड़ित परिवार की ओर से थाना क्षेत्र के हैधना कला गांव निवासी बबलू सिंह पुत्र पूर्व प्रधान नरेंद्र



बहादुर सिंह व चार अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।थानाध्यक्ष अमरेन्द्र बहादुर सिंह का कहना है कि रिपोर्ट प्राणघातक हमले की धाराओं में पंजीकृत कर ली गई है। साक्ष्यों के आधार पर गिरफ्तारी की कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी।

## सदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने लगाई फांसी

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : सदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने लगाई फांसी। घर के अंदर फंदे में लटकता मिला शव। घरेलू विवाद के चलते विवाहिता ने लगाई फांसी। सूचना पर पहुंची गोसाईगंज पुलिस,पड़ताल में जुटी। पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया शव। गोसाईंगंज थानाक्षेत्र के तियरी गांव का मामला। कोतवाल राघवेंद्र रावत बोले,आत्महत्या के पीछे घरेलू हिंसा बताई जा रही वजह। तहरीर के आधार पर दर्ज किया जा रहा मुकदमा।

## पांच अपराधियों के विरुद्ध गैंगेस्टर की कार्यवाही

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बदलापुर थाना अंतर्गत पुलिस द्वारा 05 शातिर हत्यारे अपराधियों के विरुद्ध गैगेस्टर अधिनियम के तहत की गयी कार्यवाही डा. अजय पाल पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) शैलेन्द्र कुमार सिंह के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी बदलापुर शुभम तोदी के पर्यवेक्षण में थाना स्थानीय के कुख्यात हत्यारेध्अपराधियों की गैंग चार्ट श्रीमान् जिलाधिकारी जौनपुर के अनुमोदनोपरांत प्र0नि0 बदलापुर संतोष कुमार पाण्डेय द्वारा गैंग लीडर पुष्पेन्द्र दूबे उर्फ बन्टी दूबे पुत्र सुनील दूबे उर्फ कल्लू दूबे नि0 ग्राम पट्टीदयाल थाना बदलापुर जनपद जौनपुर व उसके गैग सदस्यों 1. गोलू शुक्ला उर्फ शशिकेश शुक्ला पुत्र अजय प्रकाश शुक्ला उर्फ नन्हे शुक्ला नि0 ग्राम मछलीगाँव थाना बदलापुर जनपद जौनपुर 2. उदित शर्मा पुत्र अवधेश शर्मा नि0 ग्राम पट्टीदयाल थाना बदलापुर जनपद जौनपुर 3. विकास शर्मा पुत्र दिनेशचन्द्र शर्मा नि0 ग्राम पट्टीदयाल थाना बदलापुर जनपद जौनपुर 4. काजू दूबे उर्फ नरेन्द्र दूबे पुत्र सुनील दूबे उर्फ कल्लू दूबे नि0 ग्राम पट्टीदयाल थाना बदलापुर जनपद जौनपुर के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 51ध्23 धारा 3(1) उ0प्र0 गिरोह बंद समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम के तहत पंजीकृत कराया गया।

## लुटेरों द्वारा सरेराह दवा व्यवसाई से लूट की कोशिश

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जनपद के कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत रायबरेली हाईवे रेलवे क्रॉसिंग पर दो पहिया वाहन से पीछा करते हुए रिकाबगंज क्षेत्र के दवा व्यवसाई मनीष कुमार मौर्य की कार को अपना निशाना बनाते हुए रोककर मारपीट करते हुए लूटने का असफल प्रयास 25 फरवरी की देर रात 10:30 बजे मोटरसाइकिल सवार दो युवकों ने किया। दवा व्यवसाई मनीष कुमार मौर्य अपनी कार से देर रात अपने भाई के साथ रायबरेली रोड से निमंत्रण में जा रहे थे की मोटरसाइकिल सवार दो युवक बाईपास चौराहे से ही उनकी कार का पीछा करते हुए कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे क्रॉसिंग रायबरेली रोड पर जैसे पहुंचे मोटरसाइकिल सवार युवकों ने मोटरसाइकिल कार के आगे खड़ी कर लोहे की रॉड लेकर कार से बाहर निकलने के लिए कहा कार का गेट खोलते ही दवा व्यवसाई के ऊपर ताबड़तोड़ प्रहार कर घायल करना शुरू कर दिया शोर–शराबा सुरा स्थानीय लोग एवं राहगीरों के धीरे–धीरे इकट्ठा होने एवं भयभीत दवा व्यवसाई के भाई ने डायल 112 को फोन पर पुलिस के पहुंचने से दोनों युवक गाली देते हुए जान से मार देने की धमकी देते हुए दो पहिया वाहन यूपी 42 बीएफ 7375 से भाग गए। इस घटना से भयभीत घायल दवा व्यवसाई मनीष कुमार मौर्य थाना स्थानीय पर दो पहिया वाहन स्वामी अनिल यादव निवासी मऊ शिवाला व आशुतोष श्रीवास्तव के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया। स्थानीय पुलिस ने दवा व्यवसाई की तहरीर पर अभियुक्तों के विरुद्ध मारपीट गाली–गलौज की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर इतिश्री कर लिया है।

# अनपढ़ महिला का हस्ताक्षर बनाकर खाता संचालित करने का गरमाया मामला

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) विद्यालय प्रबंध समिति की अनपढ़ अध्यक्ष का निशानी अंगूठा लगवाने के बजाय फर्जी हस्ताक्षर बनाकर प्रधानाध्यापक द्वारा खाता संचालित किए जाने का मामला पूरी तरह से गरमा गया है जानकारी के बाद प्राथमिक विद्यालय बसापुर की प्रबंध समिति की अध्यक्ष ने जिलाधिकारी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा कुमारगंज के शाखा प्रबंधक को शिकायती प्रार्थना पत्र प्रेषित कर कार्यवाही किए जाने की गुहार की है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मिल्कीपुर शिक्षा क्षेत्र स्थित ग्राम पंचायत सिधौना अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय बसापुर में विगत कई वर्षों से विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष के रूप में लक्ष्मी पांडे पत्नी कृष्ण कुमार पांडे को नियुक्त किया गया था। पीड़ित महिला लक्ष्मी पांडे का आरोप है कि पूरी तरह से अनपढ़ है और उसका अंगूठा सादे कागज पर विद्यालय की प्रधानाध्यापक प्रतिभा सिंह द्वारा लगवा दिया गया था। इसके उपरांत बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा कुमारगंज में विद्यालय प्रबंध समिति का खाता प्रधानाध्यापक प्रतिभा सिंह द्वारा खुलवा लिया गया था और उसके अनपढ़ होने के बावजूद हस्ताक्षर में एल पी लिखकर उनके द्वारा खाते का संचालन काफी दिनों से किया जाता रहा। इसकी जानकारी के बाद पीड़ित महिला लक्ष्मी पांडे के हाथ पांव फूल गए और वह शिकायती पत्र लेकर बैंक ऑफ बड़ौदा कुमारगंज शाखा के प्रबंधक के पास पहुंची तथा जिलाधिकारी अयोध्या एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अयोध्या सहित खंड शिक्षा अधिकारी मिल्कीपुर को लिखित शिकायत पत्र प्रेषित कर कार्यवाही किए जाने की गुहार की है। वहीं दूसरी ओर विभागीय सूत्रों का कहना है कि विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा अध्यक्ष लक्ष्मी पांडे से एक इसकी था भी प्राप्त कर लिया गया है और बिना जिलाधिकारी के अनुमोदन के ही नवीन विद्यालय प्रबंध समिति का गठन भी कर लिया गया है। हालांकि विभागीय उच्चाधिकारी अब मामले में प्रधानाध्यापक के विरुद्ध कार्यवाही करने के बजाय मामले को पूरी तरह से दबाने में जुटे हैं। वहीं दूसरी ओर ग्राम प्रधान उमा सिंह ने जिलाधिकारी को एक शिकायती प्रार्थना पत्र देकर विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा शासनादेश में वर्णित जिलाधिकारी के अनुमोदन बगैर ही नवीन विद्यालय प्रबंध समिति गठित कर लिए जाने का आरोप लगाया है। ग्राम प्रधान ने शिकायती पत्र में उल्लेख किया है कि हमें बैठक के दूसरे दिन रजिस्टर्ड डाक से जो एजेंडा प्राप्त कराया गया है। उसमें केवल विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों की बैठक का ही जिक्र किया गया है। जिसमें मैं सदस्य भी नहीं हूं। प्रधानाध्यापक द्वारा नवीन विद्यालय समिति गठन से संबंधित किसी भी बिंदु का उल्लेख एजेंडे में नहीं है। फिलहाल जिलाधिकारी ने मामले की जांच शुरू करा दी है।

# हरियाणा के करनाल जिले में सम्मानित हुए आकाश गुप्त : रक्तदान के लिए मिला राष्ट्रीय रक्त नायक अवार्ड

अयोध्या (डीकेयू लाईव ब्यूरो सुरेंद्र कुमार) विश्व एनजीओ दिवस के परिपेक्ष्य में जिले के चर्चित ब्लड मैन आकाश गुप्त को हरियाणा के करनाल जिले के डॉ मंगल सैन ऑडिटोरियम में आयोजित दो दिवसीय स्वैच्छिक रक्तदान पर राष्ट्रीय सम्मेलन व सम्मान समारोह में राष्ट्रीय रक्त नायक अवार्ड से सम्मानित किया गया। उक्त समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने दीप प्रज्वालित कर शुभारम्भ किया तत्पश्चात रक्तदान से समस्याओं पर चर्चा–परिचर्चा व रक्तदाताओं से संवाद भी किया। राम कृष्ण सेवा फॉउंडेशन के संस्थापक आकाश गुप्त को यह सम्मान समारोह में उपस्थित आईजी हरियाणा शिवास कबिराज जी ने स्मृति चिन्ह व प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया। बताते चले कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत नेशनल इंट्रीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट एंड एक्टिविस्ट्स (निफा) द्वारा पूरे देश मे 75 दिनों में 750 रक्तदान शिविर के माध्यम से 75000 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया था, जिससे देश रक्तदान के क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो सकें। उक्त आयोजन में अयोध्या जिले राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन भी एक सहयोगी संस्था थी। समारोह में 18 प्रदेश के 412 रक्तदान से जुड़ी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। ज्ञातव्य हो कि आकाश गुप्त जिले में राम कृष्ण




सेवा फॉउंडेशन के माध्यम 2016 से रक्तदान की मुहिम पर कार्य कर रहें है और अभी तक लगभग 100 कैम्प के माध्यम से साढ़े चार हजार जरूरतमंदों को ब्लड मुहैया करा चुके है इसके लिए इन्हें वर्ल्ड बुक ऑफ रिकार्ड लंदन द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है और वे खुद दुर्लभ ग्रुप बी निगेटिव के डोनर है और देश के बिभिन्न हिस्सों में अभी तक 44 बार ब्लड डोनेट भी कर चुके है और मौजूदा दौर में बिहार के सारण जिले में शारीरिक शिक्षक के पद पर कार्यरत है और ब्लड डोनेट की प्रेरणा उन्हें पिता स्व कृष्णा लाल गुप्त से विरासत में मिली है जिनकी हत्या 12 अप्रैल 10991 में आतंकवादियों द्वारा पंजाब में कर दी गयी थी।

# 22 वर्षीय बालिका ने फांसी लगाकर किया आत्महत्या

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) कोतवाली नगर अंतर्गत पुलिस चौकी चौक क्षेत्र के जमुनिया बाग निवासनी 22 वर्षीय बालिका ने फांसी लगाकर किया आत्महत्या प्राप्त जानकारी के अनुसार गिन्नी पुत्री राजकुमार आयु 22 वर्ष निवासी जमुनिया बाग कोतवाली नगर जनपद अयोध्या ने शाम लगभग 4:00 बजे अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगा लिया फांसी लगाई जाने की सूचना पर चाचा संजय द्वारा शाम 4:35 पर जिला चिकित्सालय लाया गया जहां इमरजेंसी ड्यूटी कर रहे डॉक्टर आशुतोष प्रताप सिंह उक्त बालिका गिन्नी का परीक्षण करने के बाद मृतक घोषित कर दिया।

## सन्त निरंकारी मिशन रुदौली ब्रांच के स्वयंसेवकों ने की गोमती नदी की सफाई

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) निरंकारी मिशन ने प्रोजेक्ट अमृत – स्वच्छ जल स्वच्छ मन, के अंतर्गत अंडमान निकोबार सहित देश के 25 राज्यों में नदियों,तालाबों,झरनों,झीलों आदि जल क्षेत्रों की सफाई की।प्रोजेक्ट अमृत, बाबा हरदेव सिंह जी के जन्म दिवस 23 फरवरी के उपलक्ष्य में देश भर में एक साथ 1100 से अधिक स्थानों पर जल सफाई अभियान के रूप में केंद्र और राज्य सरकारों के साथ मिलकर 26 फरवरी 2023 को आयोजित किया गया गोमती नदी के पावन तट पर स्थित माता कामाख्या भवानी मंदिर के आसपास काफी बड़े क्षेत्र की सफाई इस अभियान में की गई में जिसमें मिशन के स्वयंसेवकों ने उत्साह पूर्वक शामिल हुए। सफाई अभियान में युवा बहन भाईयों की लगन देखने योग्य थी सन्त निरंकारी सेवादल यूनिट 1633 रुदौली के सदस्य सुबह 8 से ही बड़ी संख्या में उपस्थित होकर नदी को स्वच्छ करने में लग गए जो दोपहर 2 बजे तक चलता रहा। इस आयोजन से लोगों में जल स्वच्छता के प्रति जागरूकता लोगों ने इसकी भरपूर सराहना की तथा इन्हें आगे भी जारी रखने की मंशा जाहिर की विश्व की जल प्रदूषण समस्या को खत्म करने की दिशा में मिशन का यह एक विनम्र प्रयास है,जिसकी प्रेरणा स्रोत मिशन की प्रमुख सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज है। मुखी रामचंद यादव ने बताया इसमें सैकड़ों स्वयं सेवी महिला पुरुष सामिल रहे । कलावती माया मिथलेश सुनीता वर्षा यादव सत्गुर मनीराम बलदेव मुदित कुलदीप आदि लोग शामिल हुए।

# ई रिक्शा की नंबर प्लेट लगाकर ट्रक से तस्करी कर बिहार ले जा रहे थे शराब की खेप : तीन गिरफ्तार

अयोध्या (डीकेयू लाईव ब्यूरो सुरेंद्र कुमार) जनपद की रौनाही थाना पुलिस ने फिर तस्करी कर बिहार ले जाई जा रही अंग्रेजी शराब खेप पकड़ी है। शराब की खेप को ई रिक्शा की नंबर प्लेट लगाकर ट्रक से बिहार ले जाया जा रहा था। शराब की बोतलों को ट्रक में बने विशेष केबिन नुमा बॉक्स में छिपाया गया था। पुलिस ने प्रकरण में ट्रक को जब्त कर तीन को गिरफ्तार किया है और लगभग सात लाख रूपये की अंग्रेजी शराब बरामद की है। पुलिस का कहना है कि शराब तस्करी को लेकर सटीक सूचना पर रौनाही पुलिस ने सोमवार की भोर 4 बजे कॉंटा चौराहा के पास लखनऊ की ओर से आ रही एक 10 टायरा ट्रक यूपी 12 बीटी 1139 को रोककर तलाशी ली तो ड्राइवर के केबिन में बने गोपनीय बाक्स में रायल स्टेग ब्रान्ड के कुल 44 गत्ते 750 एमएल के 134 बोतल मिले। 14 गत्ते में 750 एमएल के 168 बोतल, 30 गत्ते में 375 एमएल के 720 बोतल रखी थी। पूछताछ में ट्रक के केबिन में सवार लोगों ने नाम–पता अमित निवासी गोरीपुर थाना बागपत जिला बागपत, निर्भय सिंह निवासी ढिढाला थाना परतापुर जिला मेरठ और श्यामवीर सिंह निवासी मुड़रह थाना जेवर जिला गौतमबुद्ध नगर बताया। वाहन के नंबर को ई चालान एप के माध्यम से चेक किया तो ट्रक पर लगी नंबर प्लेट ई रिक्शा की मिली,जो प्रिन्स सिंह पुत्र पदम सिंह निवासी नियर धर्मपाल तेल गोदाम अलमसपुर न्यू मण्डी मुजफ्फरनगर के नाम पंजीकृत है। सोमवार को सीओ सदर डा राजेश तिवारी ने बताया कि बरामद अंग्रेजी शराब की खेप केवल हरियाणा प्रांत में बिक्री के लिए वैध है। इसकी अन्य प्रांत में बिक्री नहीं की जा सकती। मुनाफाखोरी के लिए अंग्रेजी शराब की खेप को तस्करी कर लाया गया था। जिसको थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह की टीम ने सर्विलांस सेल प्रभारी उपनिरीक्षक अमरेश त्रिपाठी की मदद से पकड़ा है। मौके पर लोग पुलिस को ट्रक का कोई कागज नहीं दिखा सके और ऑनलाइन जाँच करने पर पंजीकरण नंबर ई रिक्शा का मिला। जिसके चलते तीनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 60६ 63 व भादवि की धारा 419, 420, 467, 468 के तहत केस पंजीकृत करवा चालान किया जा रहा है। पुलिस ने ट्रक और बरामद अंग्रेजी शराब को जब्त किया है।

# दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के विरोध में अयोध्या में आम आदमी पार्टी का हुआ धरना प्रदर्शन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के विरोध में अयोध्या में भी आम आदमी पार्टी का धरना प्रदर्शन,पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह की अगुवाई में गांधी पार्क में हुआ धरना प्रदर्शन, शिक्षा मंत्री तुझे सलाम,जेल के ताले टूटेंगे मनीष सिसोदिया छूटेंगे जैसे स्लोगन के साथ हुआ धरना प्रदर्शन, सिटी मजिस्ट्रेट अरविंद द्विवेदी को सौंपा ज्ञापन, प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह का बयान,शायरी सुनाते हुए दिया बयान, किसी को मेरे बारे में कुछ पता ही नहीं इल्जाम बहुत सारे हैं, खता कुछ भी नहीं, भाजपा की केंद्र सरकार के अहंकार की पराकाष्ठा की वजह से दिल्ली की लोकप्रिय शिक्षा मंत्री जिन्होंने दिल्ली के लाखों बच्चों का भविष्य संवारने के लिए का काम किया, जिन्होंने सरकारी स्कूलों को प्राइवेट स्कूलों से बेहतर बनाया, उस लोकप्रिय शिक्षा मंत्री को सीबीआई ने कल गिरफ्तार कर लिया, सीबीआई ने मनीष सिसोदिया के घर पर रेड की कुछ नहीं मिला,सीबीआई दफ्तर में 14 घंटे पूछताछ हुई फिर भी कुछ नहीं मिला, जिस मनीष सिसोदिया के गांव में तलाशी ली गई वहां भी कुछ नहीं मिला, बैंक के लॉकर देखे गए वहां भी कुछ नहीं मिला,मनीष सिसोदिया को झूठे मामले में फंसाने का काम केंद्र की सरकार व सीबीआई कर रही है, कल मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी लोकतंत्र के इतिहास का काला दिन था, इस तानाशाही के खिलाफ जो आवाज दिल्ली से निकली है वह पूरे देश तक जाएगी।

# अयोध्या राम नगरी में सरयू स्नान घाट पर खूनी संघर्ष

अयोध्या (जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार।अयोध्या राम नगरी में सरयू तट पर दूरदराज से आए श्रद्धालुओं और प्राइवेट नाव चालकों में जमकर मारपीट हुई जिसमें कई औरतों बच्चों व विकलांगों को भी गंभीर चोट आई है ताजा घटना आज दोपहर करीब 1:00 बजे की बताई जा



रही है। सरजू स्नान घाट पर प्राइवेट नाव चालकों की दबंगई जोरों पर हैं आए दिन पैसे के लेनदेन को लेकर दूरदराज से आए यात्रियों के साथ अभद्र व्यवहार व मारपीट की घटनाएं होती रहती हैं। सरजू स्नान घाट पर प्राइवेट नाव चालकों द्वारा वोटिंग कराए जाने पर यात्रियों से गलत तरीके से मुंह मांगा पैसे की वसूली की जाती है जिससे अगर यात्री पैसे देने में आनाकानी करते हैं तो दर्जनों की संख्या में उपस्थित वहां प्राइवेट नाव चालकों द्वारा बेइज्जत होना पड़ता या मारपीट की घटना तक हो जाती हैं। पूरे सरयू स्नान घाट पर प्राइवेट नाव चालकों का अवैध कब्जा रहता है जिससे यात्रियों को स्नान करने में दिक्कत होती है।

# अयोध्याः पीएम और सीएम आवास योजना में अब तक मिले 40 अपात्र : जारी होगी नोटिस

अयोध्या (डीकेयू लाईव ब्यूरो सुरेंद्र कुमार) अयोध्या जिला प्रशासन की ओर से शुरू कराई गई प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजना की जांच में अब तक कुल 40 अपात्र मिले हैं। यह अपात्र केवल चार ब्लाकों में मिले हैं, शेष ब्लाकों में जांच चल रही है। बता दें कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत जिले के सभी ब्लाकों में प्रशासन के निर्देश पर अधिकारियों द्वारा गांव–गांव जाकर अपात्रों की तलाश शुरू की गई है।एक सप्ताह के दौरान हुई जांच में जो रिपोर्ट सामने आई है उसमें मिल्कीपुर, रुदौली, मसौधा और सोहावल ब्लाकों में कुल 40 अपात्र पाए गए हैं। इनमें मिल्कीपुर में 12, रुदौली में 15, सोहावल में आठ और मसौधा में पांच अपात्र पाए गए हैं। इन ब्लाकों के खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया है इन्हें तत्काल सूची से बाहर कर यदि पहली किस्त निर्गत की गई हो तो एक सप्ताह के भीतर रिकवरी करें। यह भी निर्देश दिया गया है कि संबधित पंचायत सचिव और प्रधान से स्पष्टीकरण तलब करें कि किस आधार पर इन्हें पात्रता सूची में डाला गया। वर्तमान में आवास प्लस की सूची में करीब 20 हजार लाभार्थियों का नाम है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत वर्ष 2017–18 से 2021–22 तक 53273 लाभार्थी पंजीकृत हैं। इनमें 35 हजार 568 को पहली, 33892 को दूसरी व 33714 लोगों को तीसरी किस्त की धनराशि मिल चुकी है। इसके सापेक्ष 33743 लोगों का मकान बनकर पूरा हो चुका है। इसके अलावा आवास प्लस की पात्रता सूची में 2022–23 में 19294 लाभार्थी पंजीकृत हुए। इसमें आवास प्लस वाली सूची में शामिल लोगों को प्रधानमंत्री आवास की किस्त दी जा रही है। जहां भी अपात्र पाए जा रहे हैं उनके और संबधित सचिव के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। चार ब्लाकों की रिपोर्ट आ गई है शेष सात ब्लाकों की रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई शुरू की जाएंगी।

# भगवान राम का जीवन सामाजिक समरसता का श्रेष्टतम उदाहरण – महंथ बृजमोहन दास

अयोध्या (डीकेयू लाईव ब्यूरो सुरेंद्र कुमार) जिन लोगों को सनातन धर्म व संस्कृत का तनिक भी ज्ञान नहीं है वह हमारे धर्म ग्रंथों पर उपदेश देते हैं, टिप्पणी करतें हैं जबकि इनका उद्देश्य सिर्फ समाज को बांटना है। अयोध्या का राम मंदिर सर्व समाज को जोड़ने वाला है। भगवान राम का जीवन एक सामाजिक समरसता का श्रेष्ठतम उदाहरण है। यह बातें अयोध्या के दशरथ गद्दी के महंत बृजमोहन दास ने सामाजिक संस्था रघुवंशी अयोध्यावासी सेवा संस्थान के औपचारिक उद्घाटन समारोह में कहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे साकेत महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. अजय मोहन श्रीवास्तव ने कहा कि समाज कार्य में लगे किसी भी व्यक्ति को सामर्थ्यवान तथा पावन चित्त वाला होना चाहिए इसके लिए तपस्या, उच्च चरित्र, मूल्य आधारित कर्मों तथा समाज कल्याण के प्रति अटूट प्रतिबद्धता की आवश्यकता होती है। कार्यक्रम में समाजसेवी शरद पाठक बाबा ने भी अपने विचार रखे। अतिथियों का स्वागत संस्था के संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार अमित शंकर ने किया तथा अध्यक्ष लव कुश द्वारा



संस्था के उददेश्यों को विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में इंद्रेश चौरसिया, एडवोकेट अतुल यादव, संतोष चौरसिया, राजकुमार के अलावा रजनीश राज, राजेंद्र कुमार, सूरज सिंह, प्रमोद सिंह, चंदन सिंह, अजय विश्वकर्मा, प्रबंधक राम शंकर, प्रधानाचार्य रमेश, राहुल, रवि मौर्या, मनीष, निखिल के व महिला प्रकोष्ठ की प्रियंका मिश्रा, प्रीती सिंह, सोनम चौरसिया, रेखा, तथा भारतीय जनता पार्टी की मंजू गुप्ता, लक्ष्मी सिंह, आदि नेत्री उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन प्रसून प्रज्ञान ने किया।

# दरोगा बनाने के नाम पर युवक से हड़पे 15 लाख

अयोध्या (डीकेयू लाईव ब्यूरो सुरेंद्र कुमार) दरोगा बनाने के नाम पर कोचिंग संचालक व अन्य पर एक युवक से 15 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। पीड़ित युवक का आरोप है कि नलेज पार्क कोचिंग नाका के संचालक ने उन्हें एक फर्जी व्यक्ति को पुलिस का आईजी बनाकर मिलवाया। इन सभी ने मिलकर उन्हें दारोगा भर्ती प्रक्रिया में पास कराने का आश्वासन देते हुए रुपए ऐंठे। बाद में भर्ती न होने पर जब उसने अपने पैसे मांगे तो उन्होंने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। मामले में पूराकलंदर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। पीड़ित आशीष शर्मा निवासी धर्मदास बनके गांव थाना पूराकलंदर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने वर्ष 2021 में नागरिक पुलिस में उप निरीक्षक पद पर भर्ती के लिए आवेदन किया था। इस दौरान उनकी मुलाकात नॉलेज पार्क कोचिंग नाका के मैनेजर सचिन शर्मा निवासी सरियावां थाना पूराकलंदर से हुई। उसने पुलिस में उनकी भर्ती कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद सचिन ने उनकी मुलाकात सत्येंद्र सिंह निवासी बीकापुर से कराई। जिसे उसने पुलिस का आईजी बताया। उनके साथ शुभम पांडेय, अंकुर पांडेय व उनके पिता कृष्ण कुमार पांडेय निवासी पूराकलंदर भी मौजूद थे। इन सभी ने दरोगा के पद पर भर्ती कराने के नाम पर उनसे 15 लाख रुपये आरटीजीएस के माध्यम से लिए। इनके द्वारा उनका एडमिट कार्ड भी लिया गया था। बताया कि वह प्री परीक्षा में फेल हो चुका था। इसके बावजूद उनके ई–मेल पर कूटरचित दस्तावेज के माध्यम से पास होने की सूचना दी। जो बाद में फर्जी निकली। इसके बाद जब उसने सचिन से अपने पैसे वापस मांगे तो सभी ने उनसे गालीगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। थाना प्रभारी पूराकलंदर केके मिश्र ने बताया कि मामले में पांच लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

## पुलिस व आबकारी टीम की संयुक्त छापेमारी में तीस लीटर अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार : पुलिस ने तीन कुन्तल लहन किया नष्ट

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मवई पुलिस व आबकरी विभाग की संयुक्त टीम ने सोमवार को मवई थाना क्षेत्र के ग्राम बरतरा में छापा मार कर तीस लीटर अवैध शराब व शराब बनाने के उपकरण के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। सीओ रुदौली सत्येंद्र भूषण तिवारी के अनुसार प्रभारी निरीक्षक मवई ओम प्रकाश तिवारी के नेतृत्व में आबकारी निरीक्षक श्याम प्रताप मल्ल व उपनिरीक्षक राधेश्याम सिंह, आबकारी हेड कांस्टेबल पवन कुमार, विनोद कुमार, रामाश्रय यादव, जोगेन्द्र यादव व विष्णु गौतम द्वारा ग्राम बरतरा के राम धीरज रावत पुत्र जेनू के यहां छापा मार कर दो प्लास्टिक की पिपियों में तीस लीटर अवैध शराब तथा अवैध शराब बनाने का उपकरण व तीन कुन्तल लहन बरामद किया है।प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश तिवारी ने बताया कि राम धीरज को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत जेल भेज दिया गया है और मौके पर मिले तीन कुन्तल लहन को नष्ट कर दिया गया है।

# मंडलीय अधिकारी ने पौध शालाओं का किया निरीक्षण

अयोध्या (डीकेयू लाईव ब्यूरो सुरेंद्र कुमार) बीकापुर अयोध्या मंडलीय वन संरक्षक सरयू वृत्त अधिकारी डा. अनिरूद्ध पाण्डेय ने मंगलवार को बीकापुर तहसील क्षेत्र के दो पौध शालाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान डीएफओ एवं वन क्षेत्राधिकारी बीकापुर अपनी टीम के साथ आधिकारी के आव भक्त में लगे रहे। साफ सफाई की खामियां देख मण्डलीय वृत्त अधिकारी ने कड़ी नाराजगी जाहिर की। वन क्षेत्राधिकारी बीकापुर आरपी सिंह ने मंगलवार को बताया सुबह लगभग 11 बजे उक्त अधिकारी अपनी टीम के साथ कार्यालय पहुंचकर कई बिंदुओं पर बारीकी से निरीक्षण किया। कार्यालय के साफ–सफाई को देखकर नाराजगी जाहिर की। अधिकारी ने इसके बाद बसंतपुर पौधशालाका निरीक्षण किया। 54 हजार पुराने पौधों को बारीकी से देखा। नए लक्ष्य की जानकारी देते हुए बताया 74124 नए पौधों का लक्ष्य बनाया गया है। बासुदेवपुर पौधशाला के निरीक्षण में 56 हजार पुराने पौधों को देखा 2 लाख 16 हजार नए पौध तैयार किए जाएंगे। तारुन बेलघरवा के मनहरवा बाबा मैं गड्ढा खुदाई का कार्य देखा। इस संदर्भ में डीएफओ सितांशु पाण्डेय का नबर बंद होने से बात नहीं हो सकी। वासदेवपुर में गोपनीय ढंग से रखी गई शिशम की कीमती लकड़ी परआधिकारी की नजर नहीं पड़ी। गुपचुप तरीके से आधिकारी जाँच की प्रक्रिया पूरी कर चले गए। इस मौके पर वन दरोगा अशोक यादव,फारेस्ट गार्ड बबलू सहित मौजूद रहे।

# जांच करने गए सिपाही को पीटा : काट लिया कान

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : शिकायत की जांच करने गए एक कांस्टेबल की पिटाई का मामला सामने आया है. दरअसल, मारपीट के मामले की पूछताक्ष और जांच पड़ताल करने सिपाही को भेजा गया था. ड्यूटी पर तैनात सिपाही मौके पर पहुंचा, जहां आरोपी ने पहले कहासुनी की बाद में उसकी लात घुसे और डंडे से उसकी जमकर पिटाई कर दी. पिटाई से घायल सिपाही को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां उसका इलाज किया गया. इसके बाद पुलिस ने सिपाही के साथ मारपीट करने वाले दबंग साइकिल स्टैंड संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है. फिलहाल, पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है। सिपाही की पिटाई का ये मामला हरदोई जिले के थाना कोतवाली शहर इलाके में आरआर इंटर कॉलेज का है. जानकारी के मुताबिक शहर कोतवाली में ड्यूटी पर तैनात सिपाही प्रिंस कुमार मारपीट के मामले की पूछताक्ष करने पहुंचा था. पुलिस के मुताबिक आरआर इंटर कॉलेज में पढ़ने वाले एक छात्र ने साइकिल स्टैंड संचालक रोशन लाल पर मारपीट करने का आरोप लगाया था. छात्र का आरोप था कि रुपए के लेन–देन को लेकर रोशन लाल ने उसके साथ मारपीट की. सिपाही प्रिंस कुमार मामले की जांच के लिए कॉलेज गए थे, जहां छात्र को साथ लेकर सिपाही साइकिल स्टैंड संचालक के पास पहुंचा, तो वहां कहासुनी होने लगी. अब छात्रों और उनके परिजनों ने कानूनी कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के मुताबिक सिपाही ने साइकिल स्टैंड संचालक को साथ चलने के लिए कहा, तो कहासुनी के बाद साइकिल स्टैंड संचालक ने सिपाही की ही पिटाई शुरू कर दी. आरोप है कि साइकिल स्टैंड संचालक ने सिपाही प्रिंस कुमार की लात घूंसों, डंडों से पिटाई की और दांत से कान काट लिया. वारदात को अंजाम देकर साइकिल स्टैंड संचालक मौके से फरार हो गया।गंभीर हालत में सिपाही को सूचना के बाद उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां उसे प्राथमिक उपचार दिया गया। फिलहाल सिपाही प्रिंस कुमार की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और आरोपी रोशन लाल की तलाश में जुटी है।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।